## एक नजर में

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले को 5 साल की सजा

**श्योपुर, 17 जुलाई।** जिला न्यायालय ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपित को पांच साल की सजा सुनाई है, साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले में शासन की और से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेंद्र जाधव द्वारा की गई। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि फरियादी मृतका के पिता ने पुलिस थाना बरगवां में इस आशय की सूचना दी कि 09 मई 2023 को घटनास्थल पर सूचना दी कि उसने अपनी बेटी रामा की शादी ग्राम पर्तवाडा में जितेन्द्र के साथ करीब 15 वर्ष पहले की थी, रात करीब 08 :00 बजे उसकी बेटी के छोटे बेटे ने फोन किया कि नानाजी मम्मी खत्म हो गई है और फोन काट दिया। वह अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ ग्राम पर्तवाडा रामा के घर पहुंचा तो देखा रामा मृत अवस्था में आंगन में पड़ी थी, उसके ससुराल वालो ने बताया कि रामा ने अंदर वाले कमरे में साडी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। उसकी बेटी रामा ने गृह कलेश के चलते फांसी लगाई है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। मर्ग दर्ज करने के उपरांत पुलिस थाना बरगवां जिला श्योपुर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत न्यायालय जेएमएफसी श्योपुर के समक्ष अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पत्र पेश किया और विचारण हेतु न्यायालय सत्र न्यायाधीश जिला श्योपुर के समक्ष कमिट किया गया और माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश श्योपुर द्वारा विचारण के बाद आरोपी पति जितेंद्र उर्फ डब्बू सिकरवार आत्मज भूरे सिंह सिकरवार निवासी ग्राम पर्तवाडा पुलिस थाना बरगवां जिला श्योपुर को भा .द .सं . की धारा 306 के अपराध मे 05 ( पांच वर्ष ) के कठोर कारावास के साथ 20,000/- ( बीस हजार ) रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का निर्णय पारित किया और आरोपी नीलम, लोकेन्द्र, राजकुमारी को संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त किया, का निर्णय दिनांक 16 .07 .2025 को माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश जिला श्योपुर द्वारा पारित किया।

### अवैध शराब संग्रहण, परिवहन पर नियंत्रण रखने के निर्देश

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा पंचायत उप निर्वाचन के तहत मदिरा संग्रहण, परिवहन पर कडा नियंत्रण रखने तथा पंचायत निर्वाचन वाली पंचायतों के भौगोलिक सीमा में शराब दुकानें बंद रखे जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अुनसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व से निर्वाचन क्षेत्र की भौगोलिक सीमा में स्थित मदिरा की दुकानों को बंद रखे जाने तथा क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित किये जाने के निर्देश दिये गये है। श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दलारना कला एवं कराहल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोरावन तथा जाखदा में 22 जुलाई को उप निर्वाचन के तहत मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी, इसे दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किये गये है कि भौगोलिक सीमा में कोई भी शराब दुकान संचालित नही होना चाहिए और यदि दुकानें नही है तो मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर कडा नियंत्रण रखे जाने की दृष्टि से आबकारी विभाग द्वारा सघन रूप से गश्त की जाये तथा निगरानी रखी जायें।

### बीएलओ ड्यूटी पर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**श्योपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बीएलओ ( बूथ लेवल ऑफिसर ) बनाए जाने के आदेश का विरोध करते हुए बुधवार को परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें पहले से ही कुपोषण निवारण, बच्चों व गर्भवती महिलाओं की देखरेख, टीकाकरण, गृह भ्रमण जैसी कई जिम्मेदारियां दी गई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कुपोषण निवारण है, जो सरकार के वचन पत्र में भी शामिल है। उन्होंने मांग की है कि इस आदेश को वापस लिया जाए और शासन के निर्देशानुसार आईसीडीएस अमले से गैर-आईसीडीएस कार्य न कराया जाए। परियोजना अधिकारी को ज्ञापन देने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं। श्योपुर में आदिवासियों के विस्थापन और मूलभूत सुविधाओं की मांग :विधायक बोले- घ्घ्घ्घ्घ्घ्ग्रामीणों को मिले 9 बीघा जमीन और 25 लाख मुआवजा श्योपुर जिले के विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने गुरुवार को कूनो नदी के तट पर स्थित जानगढ़ गांव का दौरा किया। यह गांव ओछापुरा से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। विधायक ने गांव में आदिवासी समुदाय की समस्याओं को सुना।

## दीवार तोड़कर किसान के घर चोरी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** नागदा में गुरुवार तड़के चोरों ने एक किसान के घर में दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब 60 हजार रुपए का माल चुराकर ले गए।

**60 हजार के जेवरात और नकदी ले गए चोर**



पीड़ित किसान ओमप्रकाश बैरागी (54) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह बुधवार-गुरुवार की रात करीब 1 बजे सोए थे। सुबह 5 बजे उनका भतीजा विशाल घर आया। गेट बाहर से बंद होने के कारण विशाल ने रस्सी की मदद से उसे खोला।

घर के अंदर जाने पर पता चला कि एक कमरे की दीवार टूटी हुई थी। कमरे में रखी अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। चोर अलमारी से चार चांदी की सिकरियां, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जीती-बांटी की बिछिया और 36 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। इस मामले की जांच एएसआई शितेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं।

## पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया

**श्योपुर, 17 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा शासनादेश के क्रम में दिये गये निर्देशानुसार फूड आफिसर सुनील शर्मा द्वारा शिवपुरी रोड स्थित दिव्या ट्रेडर्स नायरा पेट्रोल पम्प का निरीक्षण कर क्वालिटी टेस्ट किये गये, साथ ही जनसुविधाओ का जायजा लिया गया। फूड आफिसर सुनील शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान डेनसिटी टेस्ट, वाटर टेस्ट सहित पेट्रोल, डीजल की गुणवत्ता के संबंध में टेस्टिंग की गई। इस दौरान पेट्रोल पम्प में जनसुविधाओं शौचालय, पेयजल, एयरपम्प आदि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थिति सामान्य पाई गई है, उन्होने जानकारी दी कि इसी क्रम में अन्य पेट्रोलपम्प के निरीक्षण भी किये जाएंगे।



## पेंशन शिविर आज

**श्योपुर, 17 जुलाई।** विभिन्न कार्यालयों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण तथा आगामी कुछ माहो में सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के संबंध में जिला पेंशन कार्यालय श्योपुर पर आज 18 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विभिन्न कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिये है कि विभाग स्तर पर लंबित कर्मचारियों को पेंशन प्रकरणों का निराकरण शिविर में उपस्थित होकर कराया जाना सुनिश्चित करें। सहायक पेंशन अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि आज 18 जुलाई को प्रातः 11 बजे से पेंशन कार्यालय श्योपुर में पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## मोगिया गैंग का 10 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया है कि मानपुर थाना क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने वाली मोगिया गैंग के एक और सदस्य को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

**मानपुर थाना पुलिस को मिली सफलता, आरोपी ने लहचौड़ा और बगडुआ गाँव में चोरी की वारदातें कबूलीं**



मानपुर थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार चोरी की घटनाएं घटित हुई थी जिस हेतु पुलिस टीम गठित की गई उक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की वारदातों के पीछे मोंगिया गैंग के होने का पता लगाया गया एवं गिरोह के सक्रिय सदस्य गोरधन मोंगिया एवं किशन मोंगिया, कन्हैया मोगियां को पूर्व में गिरफ्तार कर वारदातों का खुलासा किया गया। घटना में संलिप्त अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से फरार थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस निरंतर प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की चोरी की वारदातों में लिप्त रहा आरोपी देवराज पुत्र तेजराम मोंगिया नि टोंक सदर, वर्तमान में श्योपुर क्षेत्र में देखा गया है किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता की मॉनीटरिंग में मानपुर थाना पुलिस टीम को आरोपी की धरपकड हेतु मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान की पर रवाना की गई उक्त पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ के साथ आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा मानपुर थानाक्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा विधिवत रूप गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर आरोपी से चोरी किए माल मशरूका की बरामदगी हेतु पुलिस रिमाण्ड लिया जा रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक पप्पू सिंह यादव, उपनिरीक्षक रवि कुशवाह, सहायक उपनिरीक्षक कौशलेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर, प्रधान आरक्षक गौरव, आरक्षक रणधीर, लक्ष्मी रावत, अजय सैनी, मुनेश, सायबर सेल टीम की अहम भूमिका रही।

## विधायक ने जहानगढ़ में पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्या



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** ग्रामीणों ने बताया कि जानगढ़ गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां न तो सड़क है, न पीने के पानी की व्यवस्था है। गांव में कोई सरकारी कर्मचारी या प्रतिनिधि नहीं आते हैं। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए पारंपरिक दाई पर निर्भर रहना पड़ता है। बीमार लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

कूनो पार्क के विस्तार के कारण अब इन आदिवासियों को विस्थापित किया जा रहा है। वन विभाग ने उनकी कृषि भूमि पर पत्थर के मीनार लगाकर खेती करने से रोक दिया है। विधायक मल्होत्रा ने सरकार से मांग की है कि 18 साल से अधिक उम्र के हर ग्रामीण को 9 बीघा जमीन और 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

उन्होंने नए स्थान पर स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी, सीसी रोड और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग की है। विधायक ने चेतावनी दी है कि अगर विस्थापन से पहले उचित व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करेंगे। उन्होंने वन विभाग से आग्रह किया है कि विस्थापन तक आदिवासियों को खेती करने की इजाजत दी जाए।

## कलेक्टर ने कहा- ओपीडी की व्यवस्था सुधारो, सुरक्षा गार्ड पर्याप्त लगाओ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आज जिला चिकित्सालय पहुंच कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अस्पताल में भर्ती रोगियों और अटेंडरों से चर्चा कर विभिन्न सुविधाओं का आंकलन किया गया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं और सेवाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए।



उन्होने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त संख्या में सुरक्षागार्ड नियुक्त किये जायें तथा ओपीडी को बेहतर बनाया जायें, ओपीडी में आने वाले रोगियों के लिए वेटिंग सीट पर्याप्त संख्या में लगाई जाये तथा प्रकाश एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाएं ओर अधिक बेहतर की जायें, यह सुनिश्चित किया जायें कि सभी चिकित्सक अपने निर्धारित कक्षो में समय पर उपस्थित रहें तथा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण सुचारू रूप से करें। निरीक्षण के लिए अस्पताल पंहुचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अस्पताल में आईसीयू वार्ड, जनरल वार्ड, पीआईसीयू वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पीडियाट्रिक वार्ड सहित ओपीडी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के औषधी भण्डार का अवलोकन भी किया तथा रोगियों को निशुल्क रूप से वितरित की जा रही दवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार रोगियों को औषधियां उपलब्ध कराई जायें। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, विधायक प्रतिनिधि सिराज दाउदी आदि उपस्थित रहे।

# दतिया

## इनोवा कार से 23 .44 लाख का गांजा बरामद



**नवभारत न्यूज**
**दतिया , 17 जुलाई।** सिविल लाईन पुलिस ने इनोवा कार से 23 लाख 44 हजार कीमत का 34 किलों 320 ग्राम गांजा बरामद किया। साथ ही मिथुन कुशवाहा, बलदेव कुशवाहा, और योगेश कुशवाह नामक गांजा तस्कर गिरफ्तार किये। पकड़े गये आरोपियों से 315 बोर की अधिया , तीन मोबाईल और इनोबा कार बरामद हुई। उक्त बात एसडीओपी आकांक्षा जैन ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नशे से दूरी, है जरूरीज्ज अभियान के तहत सिविल लाईन थाना प्रभारी सुनील बनोरिया को मिली बड़ी सफ्लता पुलिस ने 3 गांजा तस्करों को पकड़ा तस्करों से 54 किलो 320 ग्राम गांजा, एक अवैध हथियार, 3 मोबाइल एवं इनोवा कार जप्त की। कुल मशरूका करीबन 23 लाख 44 हजार रुपए कीमती थाना सिविल लाइन टीआई सुनील बनोरिया ने बताया कि मुखबिर सूचना पर झांसी बायपास रोड स्थित महिन्द्रा एजेंसी के पास खड़ी इनोवा कार की घेराबंदी कर मिथुन कुशवाह, बलदेव कुशवाह एवं योगेश कुशवाह को मौके से पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान वाहन से 27 पैकेट डक टेप से पैक गांजा, एक 315 बोर की अधिया, एक जिंदा कारतूस, तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा प्ददवअं वाहन जप्त किया गया। मौके पर समस्त सामग्री जप्त और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, छक्कै एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## इंदरगढ़ सीएमओ तत्काल निलंबित

**नवभारत न्यूज**
**दतिया , 17 जुलाई।** कलेक्टर दतिया श्री स्वप्निल वानखडे द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र ने आदेश जारी कर नगर परिषद इंदरगढ के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

कलेक्टर के अनुसार नगर परिषद इंदरगढ अंतर्गत भुजरिया तालाब का निर्माण कराया जा रहा था, जिसमें निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए जाने एवं वर्तमान में निर्माण कार्य चलते रहने के दौरान ही वर्षा के पानी का भराव हो गया तथा इसमें कोई भी रेलिंग या बेरिकेटिंग नहीं लगी होने से निर्माणाधीन तालाब में 12 जुलाई को 3 छोटी बच्चियों की डूबकर दुखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना के लिए प्रथम दृष्टया प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी इंदरगढ श्री महेन्द्र सिहं यादव, को दोषी पाया गया।

नगर परिषद इंदरगढ में पदस्थ वर्तमान प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेन्द्र सिंह यादव द्वारा विभागीय योजनाओं तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी कोई रूचि नहीं ली जाती है।

साप्ताहिक समय-सीमा बैठक सहित अंतर्विभागीय बैठकों में श्री यादव को जो भी निर्देश दिए जाते है उन निर्देशों के पालन में इनके द्वारा कोई रूचि नहीं ली जाती। इन सभी गंभीर आरोपों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उल्लंघन की श्रेणी में मानते हुए, श्री यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, ग्वालियर संभाग रहेगा। यह आदेश विभागीय अनुमोदन के साथ जारी किया गया है।

### 296 .05 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**दतिया, 17 जुलाई।** अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार17 जुलाई को जिले में कुल वर्षा 12.85 औसत वर्षा दर्ज की गई है। दतिया में 43.4 मिमी, सेवढा में 2 मिमी एवं भाण्डेर में 5 मिमी तथा इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 1 मिमी वर्षा दर्ज की गई तथा निल वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ भागवतकथा प्रारंभ

दतिया, 17 जुलाई। दतिया जिले के गोविंद गंज स्थित बड़े गोबिंद जी मंदिर परिसर में 17 जुलाई से 23 जुलाई तक श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रम का शुभारंभ 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकली प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा, जिसमें कथा व्यास के रूप में पं . सिद्ध शरण पाठक अपने ओजस्वी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया। कथा परीक्षित के रूप में सुमन नवल यादव कक्का रहेंगे। पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रतिदिन प्रात : 7 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। आयोजन का समापन 24 जुलाई को हवन, पूर्ण आहुति, कन्याभोज एवं भण्डारे के साथ होगा। कार्यक्रम आयोजक ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय तेम्रवाल द्वारा जिले की शैक्षणिक व्यवस्था सुधारने हेतु अपना वॉट्सएप दव सार्वजनिक कर सभी पालकों से अनुरोध किया गया था कि जिस विद्यालय में शैक्षणिक कार्य में अनियमितता मिले दिए गए मोबाइल द्वारा मैसेज करे। इसी तारतम्य में लगातार कई दिनों से जो शिकायत प्राप्त हो रही थी इसके लिए पूरे जिले में टीमें बना कर जांच कराई गई।जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर विकासखंड दतिया में अरविंद कुमार लकड़ा सिजोरा, प्रदीप गुबरेले ,श्रीमती प्रतिभा रावत गांधारी,भांडेर विकासखंड से श्रीमती पूनम सोनी खिरिया साहब,श्रीमती शांता राजपूत काशीपुर, अजय सिंह धाकड़ अहरौनी,श्रीमती उपासना देवरा सेवड़ा विकासखंड से रामनरेश निरंजन डिरोलीपार आदि शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं मिले। इन सभी शिक्षकों पर कार्यवाही हेतु आज कारण बताओ सूचना पत्र सीईओ द्वारा जारी किया गया। जवाब तीन दिवस में देना होगा जवाब संतोषजनक न होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

### मोदी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कृतसंकल्प : संध्या राय

**उनाव।** नरेंद्र मोदी की सरकार गांव गरीब किसान की झुग्गी झोपड़ी के इंसान की चिंता करने वाली सरकार है आज बटन पर आदिवासी डेरा तक सुंदर सड़क बनने का काम हुआ है पिछले दिनों पीएम जनमन योजना के अंतर्गत हमारे आदिवासी बन्दुओ को ढूंढ ढूंढ कर प्रधानमंत्री आवास बनवाने का काम हुआ है उक्त बात ग्राम पंचायत ललौआ में सांसद संध्या राय ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 95 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन करते हुए कही।
कार्यक्रम के प्रारंभ में पित्त पुरुषों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनियाँ ने कहां की मध्य प्रदेश की मोहन सरकार नेतय किया है सावन के पवित्र महीने में लाडली बहनों के खाते में 1250 अतिरिक्त डालने का काम करेंगे वहीं पर दीपावली बाद लाली बहनों के खाते में 1500 प्रतिमाएं डालने का काम सरकार करेगी।

## दतिया जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी पर एक साथ निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**दतिया , 17 जुलाई।** गुरूवार को जिले के तीनो विकासखंडो में स्थित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर एक साथ व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा, एडीएम, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर निरीक्षण के लिए पहुंचे**

इस निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना था ।निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों एवं चिकित्सा स्टाफकी उपस्थिति को विशेष रूप से जांचा गया। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (जटिल गर्भावस्था) की पहचान एवं नियमित फॉलोअप की स्थिति का भी गहन अवलोकन किया गया। मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर के रिकॉर्ड की समीक्षा कर संबंधितअधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सभी केंद्रों पर एनआरसी में नवजान शिशु देखभाल, एएनसी प्रवस पूर्व देखभाल रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, मृत्यु ऑडिट रिपोर्ट, ओपीडीध्आईपीडी रजिस्टर की जांच की गई। साथ ही अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, सफ्फई, दवाओं की उपलब्धता आदि की स्थिति का जायजा लिया गया। टीकाकरण



कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ बजट व्यय एवं पारदर्शिता पर भी विशेष ध्यान दिया गया ।सामुदायिक रेफ्रल सेवाएं और सी एम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की भी जांच की गई। जांच के दौरान कई सीएचसी और पीएचसी में स्टाफअनुपस्थित मिला साथ ही कई सेन्टर पर रजिस्टर पूर्ण रूप से संधारित नहीं किए जा रहे हैं जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की और उन्हें सख्त निर्देश दिए। इस तरह की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।कलेक्टर श्री वानखडे ने कहा कि इस तरह के संयुक्त निरीक्षण से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढेगी। जिससे आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

भाण्डेर विकासखंड में अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनाली राजपूत के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भांडेर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुरसड़ा का निरीक्षण किया गया। अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। सेवढा विकासखंड में संयुक्त कलेक्टर नीरज शर्मा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्वअशोक स्वास्थ्य के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवढा का निरीक्षण किया गया ।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दतिया संतोष तिवारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडोनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव, मातृ एवं शिशु टीकाकरण, स्टॉक रजिस्टर एवं उपस्थिति पंजी, साफसफ्फई एवं शौचालय व्यवस्था देखी ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडोनी में संपूर्ण स्टाफ अनुपस्थित पाया गया एवं दवाओं का स्टॉक रजिस्टर उपस्थित नहीं मिला। इसके पश्चात एसडीएम श्री तिवारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनागिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बडोनकलां का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्टाफ अनुपस्थित पाया गया। साथ ही मेडिकल ऑफ्सिर बादोंकलन छुट्टी पर थी। स्टॉक रजिस्टर सभी जगह प्राप्त नहीं हुआ।